परोपकार ही सभी महान आंदोलनों की प्रगति का आधार है

लैली मिलर-मुरो

सभी महान आंदोलन परोपकार, निःस्वार्थता और आत्म-त्याग के माध्यम से आगे बढ़े हैं... - अब्दुल-बहा , *स्टार ऑफ द वेस्ट* , खंड 3, पृष्ठ 252

बहाई लोगों के मानवीय और सामाजिक कार्य में उनके सबसे अनुकरणीय उदाहरण अब्दुल-बहा हैं।

एक युक्तिपूर्ण उदाहरण के तौर पर, 1900 के दशक के आरंभ में अब्दुल-बहा ने जॉर्डन के अदासियह नामक एक समुदाय में कुछ ज़मीन खरीदी। यह खेती के लिए एक उपजाऊ भूमि थी। उन्होंने यज़्द के बहाई लोगों से, जो खेती के जानकार थे, अदासियह में इस ज़मीन पर आकर बसने और उसे विकसित करने का आग्रह किया। अब्दुल-बहा ने उन बहाई किसानों को पौष्टिक सब्ज़ियां उगाना सिखाया और उन्हें विशेष रूप से मक्का की फसल पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने प्रचुर मात्रा में अनाज का उत्पादन किया, जिसे उन्होंने उसी ज़मीन पर कई साल पहले रोमन लोगों द्वारा बनाए गए खंदकों में जमा किया।

उसके बाद प्रथम विश्व युद्ध छिड़ गया जिसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। ऑटोमन साम्राज्य भी युद्ध में फंस गया और फिर युद्ध फ़िलिस्तीन तक पहुंचा जहां अब्दुल-बहा रहते थे। समुदाय अकाल से त्रस्त हो

गया। 1914 से 1918 के बीच की इस अकाल-पीड़ित अवधि में अब्दुल-बहा जॉर्डन के बहाई कृषक समुदायों से अनाज लाकर हाइफ़ा, अक्का और आस-पास के इलाकों के भूखे लोगों को खाना खिलाते थे।

पता चला कि जब अंग्रेज़ हाइफ़ा में घुसे तो खाद्य-आपूर्ति विभाग के सामने कुछ कठिनाइयां थीं। कमान अधिकारी मास्टर से सलाह लेने पहुंचा। जवाब मिला, "मेरे पास अनाज है।" सैनिक ने आश्चर्यचकित होकर पूछा: "लेकिन सेना के लिए?" अब्दुल-बहा ने कहा: "मेरे पास ब्रिटिश सेना के लिए अनाज है।" वे सचमुच व्यावहारिक कदमों से रहस्यवाद के मार्ग पर चलते थे। - लेडी ब्लॉमफ़ील्ड, *द चोजन हाइवे*, पृष्ठ 210

अभी हाल के वर्षों में, बहाई समुदाय ने पूरे विश्व में लोकोपकार की सामाजिक क्रियाओं के विभिन्न क्षेत्रों में काम किया है, और कुछ महत्वपूर्ण सबक सीखे हैं।

आरंभिक रूप से, बहाई सामाजिक क्रिया और मानवतावादी प्रयासों के अंतर्गत क्षमता-निर्माण के महत्वपूर्ण कार्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उसके पीछे यह धारणा रही है कि बहाई-प्रेरित गतिविधियों की शुरुआत मामूली पैमाने पर होनी चाहिए, और मानव संसाधन के बढ़ने के साथ ही उनकी जटिलता में भी वृद्धि होनी चाहिए।

1983 में, विश्व न्याय मंदिर ने बहाई-प्रेरित मानवीय सेवा के क्षेत्र में *"गतिविधियों को बढ़ावा देने और* उनका संयोजन *करने"*के उद्देश्य से बहाई विश्व केंद्र में एक सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यालय (ओएसईडी) की स्थापना की घोषणा की।

पिछली शताब्दी के अंत के आसपास, इस अवधि में, बहाई संस्थाओं से स्वतंत्र कई बहाई-प्रेरित संगठन स्थापित हुए। 1985 में, बहाइयों ने भारत के इंदौर में *बरली ग्रामीण महिला विकास संस्थान* की स्थापना की जो भारत के बहाइयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा के निर्देशन में एक बहाई-प्रेरित सामाजिक और आर्थिक विकास परियोजना है। यह संस्थान, जो अब एक स्वतंत्र व्यावसायिक विद्यालय है, महिलाओं और लड़कियों के लिए कार्यक्रम संचालित करता है और जरूरतमंद समुदायों में साक्षरता तथा कौशल को बढ़ावा देने में उसका एक प्रभावशाली कीर्तिमान रहा है।

1992 में, लॉस एंजिल्स में हुए विनाशकारी दंगों के बाद, बहाई समुदाय ने एक आधारभूत परियोजना शुरू की जो बाद में *फुल-सर्किल लर्निंग* के रूप में विकसित हुई। यह एक सेवा-उन्मुख शैक्षणिक मॉडल है जिसका विस्तार अब दुनिया भर के स्कूलों में हो चुका है। 1999 में, दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आधार स्तर पर शैक्षणिक पहलों का समर्थन करने के लिए *मोना फाउंडेशन* की स्थापना की गई। फाउंडेशन इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाने वाले गैर-लाभकारी संगठनों को धन मुहैया कराता है। 1997 में, मानवाधिकारों के हनन के कारण पलायन करने वाली महिलाओं और लड़कियों को निःशुल्क कानूनी सुरक्षा

प्रदान करने के लिए *ताहिरा जस्टिस सेंटर* की स्थापना की गई। संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित यह संगठन दुनिया भर में विभिन्न प्रकार की हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं और लड़कियों की रक्षा के लिए अमेरिकी कानून का उपयोग करता है। इन संगठनों ने - जो वर्तमान समय में मौजूद अनगिनत बहाई-प्रेरित गैर-लाभकारी संगठनों में से कुछ हैं - अपने मिशन का विस्तार किया है तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है।

उसके बाद, 2001 में, विश्व न्याय मंदिर ने दुनिया भर में "क्लस्टर" (समुदाय-समूह) मॉडल की शुरुआत की, जो आस-पास के समुदायों में मानव संसाधनों को संगठित और संयोजित करने का एक तरीका है, और उन संसाधनों को प्रशिक्षित करने के एक साधन के रूप में "संस्थान प्रक्रिया" आरंभ की। दुनिया भर के बहाई अब एक अति-स्थानीय पड़ोस केंद्र विकसित करने के लिए संस्थान प्रक्रिया का उपयोग करते हैं, जो समुदाय के आध्यात्मिक और विकासात्मक जीवन पर केंद्रित है, और जिसमें भक्तिपरक सभाओं, अध्ययन मंडलियों, बच्चों की कक्षाओं और किशोर समूहों का एक पैटर्न शामिल है।

ये सभी गतिविधियां, चाहे वे बहाई-प्रायोजित हों या बहाई-प्रेरित, अब्दुल-बहा और दूसरों की सेवा के लिए समर्पित उनके परोपकारी जीवन से प्रेरणा ग्रहण करती हैं:

"ईश्वर के सखाओं को इस संसार में ऐसी ही दया और ऐसा प्रेम प्रकट करना चाहिए। उन्हें दूसरों की कमियों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्हें निरंतर यह सोचना चाहिए कि वे दूसरों का भला कैसे कर सकते हैं और सेवा एवं सहयोग की झलक कैसे दिखा सकते हैं। इसी प्रकार उन्हें हर अपरिचित का सम्मान करना चाहिए, और उन पूर्वाग्रहों और अंधविश्वासों को त्याग देना चाहिए जो मैत्रीपूर्ण सम्बंधों में बाधा डाल सकते हैं। आज के युग में सबसे नेक व्यक्ति वह है जो अपने शत्रुओं को भी उदारता का मोती प्रदान करता है, और पथभ्रष्टों एवं उत्पीड़ितों के लिए प्रकाश-स्तंभ बन जाता है। यही बहाउल्लाह का आदेश है। ~ अब्दुल-बहा, *स्टार ऑफ दि वेस्ट*